# अव्यवस्था : परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों का हो राह बूरा हाल हाल

## गुरुजी के लिए बन रही रोटी, छात्रों के लिए हल्दी युक्त चावल, किताबें कमरे में फांक रही धूल

तेजयुग न्यूज/पंकज मिश्र

**महराजगंज तराई (बलरामपुर) :** स्कूलों का स्तर सुधारने की कितनी भी कोशिश कर ली जाए लेकिन स्कूलों में अव्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत काम करने वाले रसोईयों की सेहत को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी स्कूलों को एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए गए थे जिससे धुआं रहित भोजन पकाया जा सके लेकिन कुछ समय के बाद ही स्कूल पुराने ढर्रे पर चलने लगे और सिलेंडरों के बजाय स्कूलों में फिर पहले जैसे चूल्हों पर खाना बनने लग गया। मामला शिक्षा क्षेत्र तुलसीपुर के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय बेलाघाट का है। विद्यालय में पंजीकृत छात्राओं की संख्या 467है। जिसके सापेक्ष 153 छात्र- छात्राओं की उपस्थिति मंगलवार को थी।

विद्यालय में प्रधानाध्यापक राजाराम, सहायक अध्यापक मुकेश पाठक संजय कुमार विद्यालय में उपस्थित थे। अन्य दो अध्यापक अनुपस्थित थे अनुपस्थित अध्यापकों के बारे में प्रधानाध्यापक ने बताया कि सूचना नहीं है। मिड डे मील में दाल चावल की जगह हल्दी युक्त चावल बनाया गया था। रसोईया ने बताया कि आज दाल नहीं था इसीलिए तहरी बनाया गया है।

गैस कनेक्शन होने के बावजूद भी चूल्हे पर मिड डे मील बन रहा था। साथ ही गुरु जी के लिए रोटी और चाय भी विद्यालय में बन रहा था। छात्र-छात्राओं को वितरण करने के लिए जो किताबें आई थी। एक कमरे में पड़ी धूल फाक रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो व्यवस्था दयनीय है। कंपोजिट विद्यालय पूरी तरीके से बदहाल है। खंड शिक्षा अधिकारी स्वामीनाथ ने बताया कि




प्रकरण संज्ञान में आया है जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी साथ ही अनुपस्थित अध्यापकों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

## बिहार में बेचारा जैसी स्थिति में फंसी कांग्रेस !

**पटना :** सूबे में विपक्षी दलों के महागठबंधन की नींव रखी गई थी। लेकिन आज महागठबंधन में अब तक सीट बंटवारा नहीं होने पर उनकी एकजुटता पर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। दूसरी ओर जिस तरह से राजद की ओर से प्रत्याशियों को सिंबल बांटे जा रहे हैं और भाकपा ने बेगूसराय सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है, ऐसी स्थिति में महागठबंधन में शामिल कांग्रेस की स्थिति 'बेचारा' वाली बन गई है। दरअसल, महागठबंधन में अब तक लोकसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजद सूत्रों का दावा है कि कई सीटों के लिए प्रत्याशियों को सिंबल दे दिए गए हैं। गौर करने वाली बात है कि राजद ने औरंगाबाद से भी प्रत्याशी को सिंबल दे दिया है। औरंगाबाद सीट कांग्रेस की सीट रही है। राजद अगर यहां से चुनाव लड़ती है तो यह पहली बार होगा जब वो यहां से चुनाव लड़ेगी। इधर, कांग्रेस अपने नेता कन्हैया कुमार के लिए बेगूसराय सीट भी नहीं बचा सकी।

# होली खेलने के बाद नदी में नहाने गई दो युवतियां डूबी, तीसरी को ग्रामीणों ने बचाया



तेजयुग न्यूज/शकील अहमद

**गेंडास बुजुर्ग (बलरामपुर) :** विकासखंड गेंडास बुजुर्ग अंतर्गत ग्राम नंदौरी के पास बह रही राप्ती नदी में सोमवार को होली खेलने के बाद नहाने गई दो युवतियां डूब गई। नदी में बह रही तीसरी युवती को ग्रामीणों ने बचा लिया। दोनों को खोजने के लिए स्थानीय गोताखोरों की टीम लगाई गई है। बताते चले कि नंदौरी गांव से लगभग 50 मीटर दूरी पर राप्ती नदी बहती है।

20 वर्षीय मानसी पुत्री पंडोही, 23 वर्षीय सुषमा उर्फ छोटी पुत्री बबलू व 21 वर्षीय सत्यमोर पुत्री बजरंगी होली खेलने के बाद राप्ती नदी में नहाने गई थी। नहाते समय वे गहरे पानी में उतरकर डूबने लगी। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने सत्य मोर को नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन मानसी व सुषमा गहरे पानी में डूब गई। सूचना पाकर उतरौला के एसडीएम अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार यादव व अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों ने काफी देर तक तलाश किया लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका। गैडांस बुजुर्ग के प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि नदी में डूबी दोनों युवतियों में से एक को सोमवार की रात्रि लगभग 09 बजे स्थानीय गोताखोर के प्रयास से तथा दूसरी को मंगलवार की सुबह नदी से एन डी आरएफ टीम द्वारा निकाला गया है। दोनो के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

# तालाब में नहाने गए युवक की मौत, मचा कोहराम




तेजयुग न्यूज/राजेंद्र सिंह

**बुलंदशहर :** खानपुर क़स्बा के मौहल्ला हरिजन बस्ती स्थित तालाब में होली के दौरान नहाने गया युवक बीस वर्षीय दीपक उर्फ़ चैटी की डूबने से मौत हो गई। क़स्बा के मौहल्ला हरिजन बस्ती इलाके में स्थित तालाब में सोमवार को बीस वर्षीय दीपक उर्फ़ चैटी तालाब में नहा रहा था कुछ देर बाद देखते ही देखते वह गहराई में चला गया युवक को डूबता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया जिसके बाद लोग युवक को बचाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक युवक पानी में डूब चुका था।

होली की खुशियों में डूबे कस्बे में देखते ही देखते कोहराम मच गया और कस्बे के लोग पोखर में युवक के शरीर की तलाश में जुट गए इस घटना की सूचना मिलने पर सीओ स्याना, एसडीएम स्याना व खानपुर थानाध्यक्ष फ़ोर्स के साथ मौके पर पहुचे जिसके बाद सीओ स्याना भास्कर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम, गोताखोर व ग्रामीणों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद युवक का शव पोखर से निकाला जा सका। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया गया।

## विधायक बीमा भारती ने जदयू से दिया इस्तीफा, राजद में हुई शामिल

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) को झटका देते हुए विधायक बीमा भारती ने शनिवार को पार्टी छोड़ दी और उनके चिर-प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद के राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गईं। जिससे उन्हें लोकसभा टिकट मिलने की अटकलें तेज हो गई हैं। बीमा भारती का इस्तीफा सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ घंटे के बाद देर शाम पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उन्हें राजद में शामिल कराया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि मेरे पति और बेटा जेल में हैं, जो इस बात का सबूत है कि बिहार के सत्तारूढ़ गठबंधन में अति-पिछड़ा वर्ग को कोई सम्मान नहीं है। लालू जी ने मुझे अपने आशीर्वाद का आश्वासन दिया है। अगर वह मुझसे कहेंगे तो मैं लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

### होली का रंग जीत का जश्न, डीएम स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर गढ़मुक्तेश्वर के खिलाड़ियों ने धूमधाम से मनाया

# मध्य प्रदेश की टीम ने उज्जैन से कबड्डी प्रतियोगिता चैंपियनशिप जीत कर किया अकादमी का नाम रोशन किया

तेजयुग न्यूज/अनुज चौधरी

**हापुड़ :** 26 मार्च 2024 दिन मंगलवार को को शाहपुर रोड देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं डीएम स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर गढ़मुक्तेश्वर में जोरदार स्वागत किया गया, मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्वर्गीय श्री शांतिलाल जी शर्मा की स्मृति में शर्मा शांतिकुंज शांति वाटिका परिवार की ओर से आयोजित शाइनिंग स्पोर्ट्स वेलफेयर सोसाइटी बड़नगर मध्य प्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय भारतीय पुरुष कबड्डी तीन दिवसीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता 2024 में गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ डीएम स्पोर्ट्स एक्सिलेंस सेंटर के युवा खिलाड़ी ने यूपी योद्धा टीम की ओर से प्रतिभा करते हुए प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

डीएम स्पोर्ट्स एक्सिलेंस सेंटर गढ़मुक्तेश्वर कबड्डी कोच ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि रवि साकेत पुत्र रंजीत सिंह तिलरथ बेगूसराय बिहार पिछले




1 वर्ष से अकादमी में अभ्यास कर यूपी योद्धा में खेलने का अवसर प्रदान हुआ, रवि साकेत ने यूपी योद्धा की ओर से खेलते हुए अखिल भारतीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 2024 बड़नगर मध्य प्रदेश में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप/प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की और साथ ही एक लाख 21 हजार की धनराशि हुई प्राप्त की

वहीं डीएम स्पोर्ट्स एक्सिलेंस सेंटर के निदेशक सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि हमारे अकादमी के होनहार खिलाड़ी प्रदेश ही नहीं देश में भी क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं जिससे खिलाड़ियों एवं क्षेत्रवासियों का मनोबल बढ़ेगा, इस मौके पर डीएम स्कूल प्रबंधक राजेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य मंजू चौधरी, उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर सिंह यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, एथलीट कोच नवीन चौधरी, सबकोच रविंद्र चौधरी, सुधीर कुमार, संजय चौहान, अरुण कुमार त्यागी, एवं जूडो कोच सुबोध यादव समेत सैकड़ो खिलाड़ी ने भव्य स्वागत किया

# रंग में भंग दो पक्षों भिड़ंत आधा दर्जन घायल

तेजयुग न्यूज

**नसीराबाद/रायबरेली :** नसीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत जहां एक गांव में होली मिलन का पर्व लोग मना रहे थे और एक दूसरे से गले मिलकर भाईचारा का संदेश दे रहे थे उसी दौरान अचानक रंग में भंग हो गया और दो पक्ष आपस में भिड़ गए जिससे लगभग आधा दर्जन घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भर्ती कराया गया है।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के चतुरपुर ग्राम सभा में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई मारपीट में एक पक्ष से आधा दर्जन से ज्यादा तो दूसरे पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं सूचना पर पहुंची डायल 112 सभी घायलों को नसीराबाद सीएचसी में भर्ती करवाया है।

मामला ग्राम पंचायत का है जहां रास्ते के विवाद को लेकर होली के त्योहार पर नशे की हालत में दो पक्षों में भिड़ंत हो गई उपरोक्त गांव निवासिनी शांति देवी पत्नी लाल सिंह ने बताया कि वह घर पर थी तभी गांव के विपक्षी प्रभात,सानू लवकुश आदि लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडा से लैस होकर नशे की हालत में आए और मारपीट करने लगे मारा पीटा में आधा दर्जन से ज्यादा लोगो को चोटें आई हैं घर के गृहस्थी भी नष्टकी गई है मामले में थाना अध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि दोनों तरफ से तहरीर पड़ी है पुलिस जांच कर रही है।

### परिजनों की तहरीर पर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

# होली मनाने ननिहाल आई किशोरी से रेप का आरोप

तेजयुग न्यूज

**नसीराबाद/रायबरेली :** पड़ोसी थाना क्षेत्र डीह से होली मनाने आई एक किशोरी के साथ रेप का मामला प्रकाश में आया है फिलहाल पुलिस रेप की बात को नकार रही है पुलिस का कहना है कि रेप का प्रयास किया गया है लेकिन परिजनों द्वारा दी गई तहरीर में रेप का जिक्र किया गया है हालांकि पूरे मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। बताते चलें कि डीह से नसीराबाद अपने ननिहाल मे होली मनाने आई नाबालिक किशोरी को एक वहसी युवक मुंह बांध कर जबरन एक झील में ले जाकर दुराचार कर डाला। और किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

जब किशोरी अपने ननिहाल घर वापस पहुंची तो रोते हुए आपबीती अपने ननिहाल वालों को बताया तब



परिजनों ने आकर नसीराबाद थाने में तहरीर देते हुए शिकायत की है। परिजनों के मुताबिक आरोपित युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है लेकिन पूरे मामले में पुलिस साठगांठ करने में जुटी है। बताया जाता है कि किशोरी शौच के दौरान वारदात को अंजाम दिया गया है पुलिस को दी गई तहरीर में उपरोक्त गांव निवासी सूरज पुत्र रामसजीवन पर दुराचार का आरोप लगा है। थाना अध्यक्ष नसीराबाद राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामला संज्ञान आया है रेप का प्रयास किया गया है परिजनों के किसी रिश्तेदार के यहां दुर्घटना होने के चलते वह लोग आ नहीं पाए है।

## नीतीश को बिहार की जनता से कोई मतलब नहीं : प्रशांत किशोर

**पटना :** प्रशांत किशोर ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, नीतीश 2015 के बाद कई बार पलटी मारकर अपना हित अहित कर चुके हैं। आज की तारीख में समाज का हर वर्ग इस बात को जान चुका है कि नीतीश कुमार को ना ही बिहार से कोई मतलब है और ना ही उन्हें बिहार की जनता से। उन्हें सिर्फ फेविकोल लगाकर कुर्सी से चिपके रहना है। प्रशांत किशोर ने आगे कहा, नीतीश कुमार कभी भाजपा का कमल पकड़कर, तो कभी राजद के लालटेन पर मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं, बाकी उन्हें बिहार से कोई मतलब नहीं है और बिहार की जनता के साथ कुछ भी हो, उससे उन्हें कोई भी मतलब नहीं है। उनका बिहार की जनता से कोई लेना-देना नहीं है।

# राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी (सत्य) ने छः लोकसभा उम्मीदवारों का घोषणा की




तेजयुग न्यूज

**पटना :** मार्च राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी (सत्य) के प्रदेश कार्यालय में आज हुई बैठक के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर 6 सीट पर उम्मीदवार घोषित किये गये।

प्रदेश अध्यक्ष कुमार सुनील सिंह ने प्रथम सूची में काराकाट से प्रिंस कुमार सिंह, सासाराम से राजेन्द्र पासवान, औरंगाबाद से अजीत कुमार यादव, आरा से मनमोहन सिंह, सीवान से आशीष कुमार पाठक और मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से कुंवर रुपेश के नाम की घोषणा की। संगठन मंत्री मनमोहन सिंह ने बताया कि पार्टी कार्यालय राजीव नगर अंडरब्रिज के समीप हुई बैठक में प्रदेश भर से कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सूची ▶ जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हस्ताक्षर से

# जदयू ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों के नाम जारी किए

▶▶ पार्टी ने 2019 के लोस चुनाव में जीते अपने 12 उम्मीदवारों पर एक बार फिर भरोसा जताया है,

तेजयुग न्यूज

**पटना :** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) लोकसभा चुनाव के लिए अपने 16 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हस्ताक्षर से रविवार को जारी सूची में पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीते अपने 12 उम्मीदवारों पर एक बार फिर भरोसा जताया है, लेकिन सीतामढ़ी, सीवान और किशनगंज में पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया है । वहीं, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच




सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को दे दी गई है।

इसी तरह जदयू खाते वाली काराकाट सीट इस बार राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के हिस्से में गई है । इसके बदले में भाजपा की जीती हुई सीट शिवहर जदयू को दी गई है। पार्टी ने मुंगेर से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सुपौल से दिलेश्वर कामत, वाल्मिकीनगर से सुनील कुमार, किशनगंज से मुजाहिद आलम, कटिहार से दुलाल चंद गोस्वामी, पूर्णिया से संतोष कुमार, मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव, गोपालगंज से आलोक कुमार सुमन, सीवान से विजया लक्ष्मी देवी, भागलपुर से अजय कुमार मंडल, बांका से गिरिधारी यादव, नालंदा से कौशलेंद्र कुमार, जहानाबाद से चंदेश्वर प्रसाद और शिवहर से लवली आनंद को उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जदयू 16, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) 5 रिपीट 5 , उपेंद्र कुशवाहा और जीतनराम मांझी की पार्टी एक-एक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

# केएसपी मीडिया के द्वारा होली मिलन फगुआ फेस्ट आयोजित



तेजयुग न्यूज

**पटना :** केएसपी मीडिया के बैनर तले एवम सतीश कुमार दास के संयोजन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप, भाजपा सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनमोल सोवित, युटुबर मिंटुआ, ब्लीस की निर्देशिका डॉक्टर अनामिका राज, राणा दीपू सिंह के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन रूबी खातून कर रही थी। सर्वप्रथम परिक्रमा सारथी तथा खुशबू पांडे एवं उनके टीम के द्वारा होली के गानों पर नृत्य की प्रस्तुतियां हुई। केएसपी मीडिया के सभी सदस्यों ने कलाकारों के साथ भरपूर होली की गानों पर नृत्य किया फूल और गुलाल की होली खेली। कार्यक्रम में आए कलाकारों ने होली खेले रघुवीरा अवध में, होली खेलन आयो श्याम आदि पर नृत्य किया। केएसपी मीडिया के निर्देशक सतीश कुमार दास ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। हमें रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए और परस्पर प्रेम एवं सद्भावना का परिचय देना चाहिए।